हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

06 टीएलएम मेले में शिक्षकों ने कई प्रकार के मॉडल ...


09 सड़क निर्माण में तोड़े गए धार्मिक चबूतरों को पुन...




## खबर संक्षेप

### नियमित छात्रों को स्वाध्यायी मान्य किया जाए

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 की परीक्षा के लिए न्यूनतम उपस्थिति पूर्ण न करने वाले नियमित छात्रों को स्वाध्यायी मान्य किया जाये। परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा निर्देश जारी किये है कि शिक्षण सत्र 2023-24 के लिये हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के लिए नियमित परीक्षा के लिये आवेदन किया हैं। छात्रों कमी उपस्थिति वाले छात्रों को नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में बैठने की पात्रता न होने एवं विशेष परिस्थितियों में अनुमति प्राप्त होने पर एवं अतिरिक्त शुल्क 150 ऑनलाईन अदा करने पर स्वाध्यायी छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगें।

### आरक्षित पदों की पूर्ति 31 दिसंबर तक अनिवार्य की जाएगी

**सीहोर।** दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति, विशेष भर्ती अभियान के तहत वॉक-इन-इंटरव्यु के माध्यम से किये जाने का निर्देश जारी किये गये है। इस आशय के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव द्वारा जारी किये गये है। विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्तपदों की पूर्ति, वॉक-इन-इंटरव्यु के माध्यम से 31 दिसम्बर 2024 तक किये जाना अनिवार्य है।

### जन जागरूकता सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**सीहोर।** सीहोर जिला मुख्यालय की ग्राम पंचायत रामनगर में कल 3 फरवरी को ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय सरपंच संघ के तत्वाधान में जन जागरूकता सम्मेलन एवं संत भेराजी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत रामनगर के सरपंच एवं राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मांगीलाल मालवीय करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए म.प्र.बलाई समाज विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश मालवीय ने बताया कि हाई सेकेंडरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका नीलम वर्मा को पांच हजार रूपये एवं हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका प्राची ठाकुर को पांच हजार रुपये की राशि पारितोषिक के रूप में प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करने वालों में धर्मेंद्र ठाकुर, राकेश ठाकुर, बृजेंद्र सिंह ठाकुर, सूरज सिंह वर्मा, राकेश वर्मा, विनोद मालवीय, पिन्टु मालवीय, बलवान मालवीय सहित ग्रामीण जन शामिल हैं।

### टाउनहाल के पास दिया धरना, बैनर पोस्टर हाथ में लेकर निकाली रैली

# विरोध प्रदर्शन: वेतन नहीं मिलने से नाराज कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने जड़े आंगनबाड़ी भवनों में ताले

कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन। सरकार ने मांग पूरी नहीं की तो करेंगी अब अनिश्चितकालीन हड़ताल। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ समृद्ध भारतीय मजदूर जिला संघ ने किया जोरदार प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं का सब्र गुरुवार को टूट गया। बीते तीन महिने से मानदेय नहीं मिलने से गुस्साई कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने अपनी ही आंगनबाड़ी में ताले जड़ दिए। मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ समृद्ध भारतीय मजदूर संघ के आहवान पर सैकड़ों आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने काम बंद हड़ताल कर अपनी ताकत को दिखा दिया। महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की आंगनबाड़ियों से संबंधित योजनाएं ठप हो गई।

मध्य प्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर के नेतृत्व में टाउनहाल के पास जिले भर से यूनीफार्म में पहुंची कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने धरना देकर अपनी आवाज को बुलंद किया। कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने नारेबाजी करते हुए बैनर पोस्टरों के साथ विरोधी रैली निकाल कर आक्रोश जताया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सतीष राय को सौंपा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की मांग पूरी नहीं किए जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का अल्टीमेटम भी सरकार को दिया।

#### नवंबर माह से नहीं मिला वेतन

मध्य प्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और मिनी कार्यकर्तार्ओ को पिछले नवंबर माह से मानदेय का भुगतान किया जाए। जबकि हर माह की 5 तारीख तक मानदेय का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। तीन माह का वेतन एक साथ एक मुरत दिया जाए। आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित होने वाले मंगल दिवस पोषण ट्रैक पर ऑनलाइन काम करने के लिए मोबाइल डाटा की राशि का भुगतान पिछले एक साल से नहीं किया गया है। इसका भुगतान शीघ्र कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन संबंधी सभी सामग्री आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध कराई जाए। ईसीसी किट मेडिसिन किट टीचर लर्निंग मटेरियल आदि समय पर उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री की घोषणा और विभागीय आदेश के पालन में जुलाई 2023 से सेवानिवृत हुई सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनों को सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली एक मुश्त राशि का भुगतान किया जाए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कृष्णा परमार, हेमलता राठौर, पुष्पा तिवारी, सीता प्रजापति, बबीता बघेल, मनीषा राठौर, सुनीता करंजा, महादेवी वर्मा, आशा मेवाड़ा, संयोगिता चौहान, यातिका धीमान, तब्बशुम जहां, हेमलता वर्मा, गिरजा मौर्य, गीतमाला, चौहान, रजनी विश्वकर्मा, ज्योति गुप्ता, पदमा सोनी, रेखा राठौर, मालती यादव सहित जिले भर की आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता सहायिका शामिल रहीं।

#### यह हैं प्रमुख मांगें

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि वर्ष 2022 _2023 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्तओं की यूनिफॉर्म की राशि प्रदान नहीं की गई है। जिस का कारण कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र शासन के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश में मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को पूर्ण केंद्र में उन्नयन कर मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फुल कार्यकर्ता बनाते हुए सहायिका सहित समस्त सुविधाएं नहीं की जा रही है। जिसके कारण परेशानियां हो रही है। आंगनबाड़ी केंद्र जो किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं उनका भवन किराया प्रति माह नहीं दिया जा रहा है। विभागीय आदेश अनुसार 500000 रुपए का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा का लाभ नहीं दिया जा रहा है। संज्ञान में निरंतर लाए जाने के बावजूद आज दिनांक तक इन मांगों के संबंध में कोई समाधान कारक वंचित निर्णय प्राप्त नहीं हुआ है।



## जुए के अड्डे पर देर रात मारा छापा, 44 गिरफ्तार, 5 लाख 45 हजार केश सहित 10 वाहन जब्त



**श्यामपुर।** जिले के श्यामपुर में पुलिस ने जुए के एक बड़े अड्डे पर बुधवार रात छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लगभग 44 लोगों को पकड़ा गया है। इस कार्रवाई की खास बात यह रही की सीहोर के कोतवाली टीआई विकास खींची के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम ने श्यामपुर में जुए के अड्डे पर छापा मारा है। पुलिस की इस कार्रवाई में लगभग 5 लाख 45 हजार रुपए और सात वाहन जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिले के श्यामपुर में एक विशेष स्थान पर जुए का अड्डा संचालित होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने श्यामपुर में कार्रवाई के लिए सीहोर से विशेष टीम गठित की और कोतवाली थाना प्रभारी विकास खींची को इस कार्रवाई की कमान सौंपी। इसके बाद रात लगभग 3 बजे पुलिस की टीम ने छापा मार कार्रवाई की और वहा हार जीत का दाव लगा रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी मयंक अवस्थी ने बताया की थाना श्यामपुर के बैरागढ़ खुमान के पास डोली पब्लिक स्कूल के पीछे जुआ खेलने की सूचना प्राप्त होने पर जिला मुख्यालय से पुलिस टीम भेजी गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे व्यक्तियों की घेराबन्दी कर कुल 44 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों से कुल 5 लाख 43 हजार केश, 43 मोबाइल व 10 वाहन कीमती 41,00,000 रुपये कुल 46,43,060 रूपये का जप्त करने में सफलता प्राप्त की हैं।


## मुस्लिम महासंघ ने की अयोध्या जाने वाली ट्रेन सीहोर स्टेशन पर रोकने की मांग

**सीहोर।** शहर के हजारों रामभक्तों के लिए राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ ने इंदौर से अयोध्या जाने वाली सप्ताहिक ट्रेन सीहोर स्टेशन पर रोकने सहित अन्य सभी ट्रेने रोकने की मांग की है। गुरूवार को रेलवे स्टेशन पहुंचकर राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान के नेतृत्व में पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने रेलवे मंडल जनरल मैनेजर के नाम का ज्ञापन स्टेशन मास्टर को दिया है। जिस में कोरोना काल से रुकी हुई ट्रेनों का सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज कराए जाने और स्टेशन पर बोगी नम्बर स्क्रीन लगायें जाएँ सहित सुरक्षा के लिए कैमरे लगाए जाने की मांग भी की गई है। इंटरनेशनल कथावाचक प्रदीप मिश्रा के आश्रम पर लाखों जनता का रोज आ रही है। इस के बाद भी प्रयागराज डॉ अम्बेडकर नगर, इन्दौर-पटना इन्दौर-हावडा




अहमदाबाद गोरखपुर शिया एक्सप्रेस इन्दौर हावा ओवर नाईट जबलपुर और इंटरसिटी ट्रेनों को सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं दिया जा रहा है। राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान ने कहा कि यात्रियों की विकट समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिस के कारण प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं मुसाफिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। बोगी नम्बर स्क्रीन नहीं होने से यात्रियों को अपना सीट नम्बर ढूंढने में दिक्कत हो रही है। सीसीटीवी केमरों के अभाव में रेलवे स्टेशन और यात्रियों का सामान असुरक्षित बना हुआ है। इस्पेशल ट्रेन इन्दौर से अयोध्या आस्था इस्पेशल ट्रेन को भी सीहोर रेलवे स्टेशन पर रोका जाना चाहिए अगर आगामी दस दिनों के अंदर जनहितैशी मांग पूरी नहीं की जाती है तो राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच अनिश्चित कालीन धरने पर बैठा जावेगा। ज्ञापन देते समय मुख्तार अली खान, कैलाश यादव, मौलाना खान, साजिद पठान, आमिर खान, वीरेंद्र ठाकुर, आदि शामिल रहे।

## मौसम अपडेट: बादलों के छटते ही फिर बढ़ेगी ठंड, धूप निकलने से होगा फसलों को फायदा



**सीहोर।** जिले में मौसम ने एक बार फिर पलटी मारी है। फिलहाल आसमान में हल्के छाए रहने से ठंड का असर कम हुआ है। ऐसे में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 24 घंटे बाद जब आसमान साफ होगा तो दिन और रात के तापमान में और गिरावट होने से ठंड का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान बारिश के कोई आसार नहीं हैं। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम से चल रही हवाएं आने वाले दिनों में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम से चलने लगेंगी।

**फसलों को होगा फायदा :** आसमान साफ होने और धूप निकलने के चलते रबी सीजन में बोई गई गेहूं, चने की फसलों को फायदा होने की संभावना मौसम विशेषज्ञों द्वारा जताई जा रही हैं। दिन और रात का तापमान यदि सामान्य से अधिक नीचे जाता है तो गेहूं और चने की फसलों को आंशिक क्षति पहुंच सकती है। गौरतलब है कि इन दिनों खेतों में खड़ी गेहूं और चने की फसलें पकने की कगार पर पहुंच रही तो कई स्थानों पर गेहूं, चना पक चुका है और किसान उनकी कटाई भी करा रहे हैं। सीहोर मंडी में नए गेहूं की आवक भी होने लगी हैं।

## 11 वीं की छात्रा को बंधक बनाकर वेटर ने किया दुष्कर्म

**सीहोर।** बुदनी निवासी एक युवती को नर्मदापुरम निवासी आरोपी ने अगवा कर बंधक बनाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह आजाद हुई पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार बुदनी थाना आरोपी आसिफ अली क्षेत्र निवासी कक्षा 11 वीं की छात्रा शादियों में भोजन बनाने का काम करती है। उसका परिचय नर्मदापुरम के ग्वालटोली में रहने वाले 29 वर्षीय आसिफ अली पिता साजिद अली से हुआ था जो शादियों में वेटर का काम करता है। 27 जनवरी को छात्रा अपने घर में अकेली थी तभी आसिफ वहां आया और उसे व परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर छात्रा को अपने साथ नर्मदापुरम ले गया। जहां आरोपी ने अपने मामा के सूने मकान में उसे रखते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि मौका मिलने पर उसने मोबाइल पर अपनी मां को सारी दास्तान सुनाई। छात्रा की मां जब उसे छुड़ाने पहुंची तो आरोपी उन्हें देख वहां से भाग निकला। छात्रा ने परिजनों के साथ थाने आकर आरोपी आसिफ अली के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।

### लोक सेवा केन्दों में प्रोसेसिंग शुल्क 40 से घटाकर 20 रुपए किया

**सीहोर।** लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम में संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों में प्रति आवेदन के लिए ली जा रही प्रोसेसिंग शुल्क राशि 40 रूपये को घटाकर 20 रूपये कर दिया है।

### उत्तर पुस्तिकाओं पर लगेंगे बार कोड, जांचकर्ताओं को पता नहीं चलेंगे रोल नंबर

# माशिमं की बोर्ड परीक्षा में सख्ती: 10वीं-12वीं परीक्षा में गड़बड़ी रोकने और पारदर्शिता लाने शुरू की नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एमपी बोर्ड की 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं फरवरी से शुरू होने वाली है। नकल और गड़बड़ी को रोकने के लिए इस बार नियम बेहद सख्त रहने वाले हैं। छात्रों को परीक्षा देने के लिए एग्जाम सेंटर पर करीब आधे घंटे पहले पहुंचना होगा, वही छात्रों को सप्लीमेंट्री के लिए अलग से कॉपी नहीं मिलेगी। इसके अलावा प्रायोगिक तौर पर कुछ उत्तर-पुस्तिकाओं में बार कोड लगाया जाएगा। ताकि मूल्यांकनकर्ता को परीक्षार्थी का रोल नंबर पता नहीं चल पाए। बता दें कि लोकसभा चुनाव के चलते इस बार 10वीं-12वीं की परीक्षाएं फरवरी में होने जा रही है। 10वीं परीक्षाएं जहां 5 से 28 फरवरी तक चलेंगी। वही 12 वीं के एग्जाम 6 फरवरी से 5 मार्च तक चलेंगे। सभी पेपर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के बीच होंगे। सीहोर जिले में परीक्षा के लिए 101 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें नियमित और स्वाध्यायी करीब 40 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। बोर्ड परीक्षा देने के लिए एग्जाम सेंटर पर परीक्षा शुरू होने से करीब आधे घंटे पहले पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले के बाद किसी भी छात्र को बोर्ड परीक्षा हॉल में एंट्री नहीं दी जाएगी।

#### परीक्षार्थियों को दो तरह की मिलेंगी उत्तर पुस्तिकाएं

इस बार छात्रों को सप्लीमेंट्री के लिए अलग से कॉपी नहीं मिलेगी। परीक्षा में विद्यार्थियों को दो तरह की उत्तर पुस्तिकाएं मिलेंगी। 32 पेज की मुख्य विषय की और 20 पेज की वोकेशनल और संस्कृत विषय की कॉपी होगी। प्रायोगिक परीक्षाओं में 10वीं के विद्यार्थियों को आठ और 12वीं के विद्यार्थियों को 12 पन्नों की कॉपियां देना तय हुआ है। गणित विषय में 32 पन्नों की ग्राफ कॉपी दी जाएगी। इसमें भी सप्लीमेंट्री कॉपी की कोई प्रावधान नहीं रहेगा।

#### 10वीं परीक्षा : पहले दिन रहेगा हिंदी का पेपर

10वीं की परीक्षा के पहले दिन हिंदी का एग्जाम होगा और आखिरी दिन एनक्यूएसएफ और एआई के पेपर होंगे। 12वीं की परीक्षा के पहले दिन हिंदी का एग्जाम होगा और आखिरी दिन छात्र उर्दू और मराठी के पेपर देंगे। यही नहीं प्रायोगिक तौर पर कुछ उत्तरपुस्तिकाओं में बार कोड लगाया जाएगा। कॉपी में रोल नंबर छिपाने के लिए किसी भी तरह के स्टीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। 10वीं में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान और 12वीं में हिंदी विषय की उत्तरपुस्तिका पर बार कोड लगाकर विद्यार्थियों की पहचान छिपाई जाएगी, उसके बाद कापियां मूल्यांकनकर्ताओं को जांचने के लिए देंगे।

#### बोर्ड परीक्षा में सख्त होंगे नियम

प्रवेश पत्र में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इसे स्कैन करते ही विद्यार्थियों के नाम, फोटो, माता-पिता व स्कूल का नाम, पंजीयन नंबर सहित पूरी जानकारी सामने आ जाएगी।

परीक्षा की निगरानी ऑनलाइन की जाएगी। इसके लिए एक विशेष एप भी तैयार किया गया है। इसमें संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। गणित, अंग्रेजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री के पेपर में परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

इस बार सोशल मीडिया पर पेपर आउट करने वालों के खिलाफ 10 साल की सजा और 10 लाख के जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है।

जिला स्तर, राज्य स्तर पर अलग-अलग फ्लाइंग स्क्वायड भी गठित किए गए हैं, जो लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

## शिकायतकर्ता को महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी ने दी जेल भेजने की धमकी

### वीडियो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल, सीहोर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

महिला बाल विकास के एक अधिकारी द्वारा शिकायत वापस लेने के लिए एक ग्रामीण को धमकाने का वीडियो सामने आया है, जो कि सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। ग्राम मुंगावली दोराहा के राजेश रजक ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके द्वारा आंगनवाड़ी में पोषण आहार नहीं मिलने की शिकायत सीहोर कलेक्टर से की थी। इसके बाद इसकी जांच के लिए महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी माधवी सिंह को भेजा गया, परियोजना अधिकारी ने शिकायत की जांच तो नहीं की, बल्कि उल्टा शिकायतकर्ता राजेश को जेल भेजने की धमकी देने लगी। इसका किसी ग्रामीण ने वीडियो बना लिया। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि परियोजना अधिकारी राजेश रजक को शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रही है। इसके लिए राजेश को जेल भेजने की धमकी भी दे रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है हालांकि वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है। इस संबंध में सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि सीहोर एसडीएम को जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद कार्रवाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आज

**सीहोर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 02 फरवरी को दोपहर 3.00 बजे आयोजित की गई है। बैठक में सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम और शिक्षा विभाग के कार्य की समीक्षा की जाएगी तथा जिला पंचायत सदस्यों के विविध मुद्दों पर चर्चा की जाएगी ।

### जिला गौपालन और पशुधन संवर्धन समिति की बैठक आज

**सीहोर।** जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की साधारण सभा की बैठक 02 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे जिपं सभाकक्ष में आयोजित की गई है ।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

सीहोर। औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया गया पुरस्कृत

# टीएलएम मेले में शिक्षकों ने कई प्रकार के मॉडल बनाकर प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**सहायक शिक्षण सामग्री का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सरल तरीके से सीखने का अवसर प्रदान करना है : बीआरसी सुभाष दूबे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में गुरुवार को टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जन शिक्षा केंद्र से चयनित प्री- प्रायमरी शालाओं के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा शून्य निवेश पर तैयार की गई सहायक शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ सहायक शिक्षण सामग्री को चयनित कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शालाओं को आगामी जिला स्तरीय टीएलएम मेले में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर पुरूस्कृत किया गया।

गुरुवार को जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में आयोजित खंड स्तरीय टीएलएम मेले में क्षेत्र के 35 प्री-प्रायमरी स्कूल के शिक्षक , शिक्षिकाओं ने भाग लिया । जिसमें स्वयं के द्वारा निर्मित टीचिंग लर्निंग मैटेरियल तैयार कर मेले में प्रस्तुत किए गए। बीआरसी सुभाष चन्द्र दूबे ने बताया कि सहायक शिक्षण सामग्री का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सहज एवं सरल रूप में सीखने का अवसर प्राप्त हो एवं तैयार की गई सामग्री द्वारा बच्चे तेजी से सीखेंगे और प्रगति करेंगे । सहायक शिक्षण सामग्री स्थानीय स्तर पर तैयार की गई है। शून्य निवेश एवं कम संसाधनों से तैयार की गई सामग्री द्वारा बच्चे रुचि पूर्ण ढंग से सीखने के प्रति लालायित रहते हैं, शिक्षकों का सहयोग करते हैं। इसी क्रम में मेले का अवलोकन सीएम राइस स्कूल प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा , बीईओ एमएस नेटी , बीआरसी सुभाष चन्द्र दूबे ने किया। सर्वश्रेष्ठ सहायक शिक्षण सामग्री को चयनित कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शालाओं को आगामी जिला स्तरीय टीएलएम मेले में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया ।




मेले में निर्णायक समिति के सदस्य चंदरसिंह ठाकुर, सुरेश जयसवाल, महेश मालवीय, कमल वर्मा द्वारा गांजीखेड़ी, दीवड़िया, आमला नोआबाद स्कूल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। मेले में प्रमुख रूप से बीएसी शैलेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक कुमार मालवीय, नरेन्द्र सोलंकी, बलवान सिंह ठाकुर, मनोज राठौर, सीएसी धरम वर्मा, महेश राठौर, कमलसिंह मालवीय, नंदराम वर्मा के साथ ही मेहरवान सिंह प्रजापति, राजेश वर्मा, ममता ट्वानी, प्रमिला नागर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।




### मेले में स्टाल लगाकर किया मॉडलों का प्रदर्शन

शाला के बच्चों का शिक्षण कार्य सरलता एवं सुगमता के साथ ही रौचक गतिविधि के माध्यम से कठिन अवधारणाओं को हल करने के लिए शिक्षकों द्वारा स्वयं के निर्मित टीचिंग लर्निंग मटैरियल तैयार कर मेले में स्टाल लगाकर उक्त मॉडलों का प्रदर्शन किया। स्टाल पर लगी शिक्षण अधिगम सामग्री का अतिथियों ने निरीक्षण कर शिक्षक , शिक्षिकाओं की मेहनत को सराहा , साथ ही ओर बेहतर करने के सुझाव दिए।

## प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ विचार और काव्य गोष्ठी का आयोजन



**सीहोर।** गुरुवार को स्थानीय रुक्मणी गोविंद गार्डन में वरिष्ठ गीतकार स्वर्गीय रमेश गोहिया की प्रथम पुण्य स्मृति के अवसर पर विचार एवं काव्य का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार और गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलबीर तोमर ने की। विशेष अतिथि साहित्यकार शैलेष तिवारी थे। इस अवसर पर सृजन साहित्य परिषद द्वारा घोषणा की गई कि स्व. रमेश गोहिया की स्मृति में प्रति वर्ष एक साहित्यकार को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर एवं स्वर्गीय रमेश भैया के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना गीतकार जोरावर सिंह ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, गोविंद लोवानिया और राम सिंह परमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वर्गीय रमेश गोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर हरिओम शर्मा, जयमल सिंह रजपाल, रघुवर दयाल गोहिया, विनोद पंसारी एवं साहित्यकारों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर बलबीर तोमर ने कहा कि रमेश भाई साहब की पुण्यतिथि को आगे और अधिक व्यापक रूप से मनाएंगे। इसमें जिस प्रकार का भी सहयोग होगा हम करेंगे। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में जयमल सिंह रजपाल, हरिओम शर्मा , द्वारका बांसुरिया, हीरालाल शर्मा, जोरावर सिंह, डॉ विजेंद्र जायसवाल, ओमप्रकाश तिवारी, प्रदीप चावड़ा, एडवोकेट सुभाष चौहान, दिनेश भोपाली, धर्मराज देशराज ,विनोद पंसारी, संतोष जैन संतु, रामबाबू सक्सेना, विनोद पंसारी सुनील शर्मा, जितेंद्र राठौर आदि मुख्य रूप से रहे।

# आयुष्मान के आड़े आ रही तकनीकी खामियां करीब 1 लाख 36 हजार कार्ड बनने बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गरीब लोगों को भी बेहतर उपचार मिल सके, वह भी अच्छे अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का उपचार करा सकें, इसके लिए केन्द्र सरकार आयुष्मान भारत योजना संचालित कर रही है। योजना के तहत गरीब तबके को इसका लाभ भी मिल रहा है। लेकिन कई परिवार आज भी योजना से वंचित हैं, जिन्हें मजबूरन महंगे दाम खर्च कर उपचार कराना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान योजना में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान आपके द्वारा अभियान शुरू किया गया था, जिसमें जरूरत मंद परिवारों को चिन्हित भी किया जा रहा है, इसके बावजूद भी कई पात्र परिवार योजना के लाभ से दूर नजर आ रहे हैं। तकनीकी खामियों के कारणों से कई परिवारों के आयुष्मान नहीं बन पा रहे हैं। विभागीय आंकड़ों की माने तो आयुष्मान भारत योजना में जिले भर में 8 लाख 95 हजार 836 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं, लेकिन जिले में अभी तक 7 लाख 59 हजार 454 कार्ड ही बन पाए हैं करीब 1 लाख 36 हजार लोग अभी भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं। जिले में आयुष्मान आपके द्वार अभियान के तहत बीते 4 माह में करीब 50 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, 84 प्रतिशत कार्ड बनाने का काम पूरा हो गया है।

**तकनीकी बाधाएं बनी परेशानी :** योजना को लेकर नोडल अधिकारी क्षमा बर्बे ने बताया कि तकनीकी खामियों के चलते कई परिवारों के कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, बीते पांच माह में 57 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, गांव शहर वार्डों में कैंप लगाकर कार्ड बनाने का काम चल रहा है।

आंगनबाड़ियों में भी कैंप लगाए गए थे, नगर पालिका, गांव सचिव और आशा कार्यकर्ता यह कार्य कर रहे हैं। लेकिन समग्र आईडी और आधार कार्ड से लिंक न होने के कारण से हितग्राही का डाटा आपस में मिलान न होने के कारण से परेशानी हो रही है।

## हाई स्कूल और हासे के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूल होंगे सम्मानित




**सीहोर।** प्रांतीय शिक्षक संघ ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शासकीय स्कूलों को सम्मानित करने की अभिनव पहल की है। इससे उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शासकीय स्कूलों के मनोबल में वृद्धि होगी। उच्च माध्यमिक स्तर पर शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल को जो दसवीं एवम बारहवीं बोर्ड में जिले के स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे साथ ही उक्त कक्षा मे उनकी दर्ज संख्या चालीस से अधिक हो। उन्हें प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा मंच से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार प्राथमिक स्तर पर पांचवी एवं माध्यमिक स्तर पर आठवीं की बोर्ड परीक्षा में जिले में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शासकीय स्कूलों के जन शिक्षा केंद्र स्तर पर पुरुस्कृत किया जायेगा।जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना ने बताया कि संगठन हमेशा से ही सकारात्मक कार्य करने अग्रणी रहा हैं जैसे बच्चों की छात्र संख्या बढ़ाना, शिक्षक सम्मान ,शासकीय विद्यालय को प्रेरित के लिए अनेक नवाचार किए हैं उसी क्रम में यह पहल है ।इसी संदर्भ में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर एवम डी पी सी आर आर उईके ने आज प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा प्रदान की जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण किया। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने प्रांतीय शिक्षक संघ के नवाचार की सराहना की। वहीं जिला परियोजना समन्वयक आर आर उईके ने इसे शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने वाली पहल बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, राजेंद्र परमार, अभिषेक भार्गव, रमेश मेवाड़ा,चंद्रशेखर वर्मा,हेमन्त मालवीय, आशीष शर्मा, संजय जादौन, सुरेन्द्र मालवीय,विनोद सैनी, माधव यादव, देवेंद्र सक्सेना, मनोज गुप्ता, ओम प्रकाश मेवाडा, देवेंद्र राठौर, सुरेन्द्र यादव, लखन लाल महेश्वरी, ईश्वर सिनोरिया,नरेश मेवाडा, दिनेश मेवाडा , महेन्द्र बाथम, धर्मेन्द्र मालवीय,भोजराज रघुवंशी, देवेंद्र चौहान आदि मौजूद थे।

## समाधान आपके द्वार के तहत बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 24 फरवरी 2024 को ''समाधान आपके द्वार'' लोक अदालत शिविर के अंतर्गत मुकेश कुमार दांगी जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ए.डी.आर भवन सीहोर के सभाकक्ष में पैनल लॉयर्स, अभियोजन अधिकारीगण एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स के साथ बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही पैरालीगल वालेन्टियर्स की ऑनलाइन बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सम्बंधित विभागों के नोडल अधिकारियों से भी चर्चा की गई।

उक्त बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी, आनंद बादल जिला अभियोजन अधिकारी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स आसिफ खान, अमन कुलश्रेष्ठ, एकता सेन, संयोगिता सोलंकी, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं पैनल लॉयर्स उपस्थित रहें। उक्त बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाधान आपके द्वार के अंतर्गत गठित टीमों, अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एवं रखे तथा निराकरण योग्य प्रकरणों की प्रकृति के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

''समाधान आपके द्वार'' के अंतर्गत समस्त आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, पारिवारिक न्यायालय के प्रकरण, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, मोटरयान अधिनियम, एनआईएक्ट, म.प्र. आबकारी अधिनियम, विद्युत प्रकरण, वन, नगरीय निकाय तथा राजस्व आदि विभागों के लंबित तथा प्रि-लिटिगेशन मामलों को जिले के समस्त न्यायिक तथा राजस्व न्यायालयों तथा सम्बंधित विभागों के सक्षम प्राधिकारियों द्वारा चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जावेगा।

### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। बीमाधारक का परिवार अन्य शहर में रहता है तो उसके आने के लिए अधिकतम 25 हजार रुपए तक का टिकट खर्चा भी दिया जायेगा और दुर्भाग्य से बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है तो पॉलिसी के तहत 5 हजार रुपए अंतिम क्रियाक्रम के लिए दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

## ग्राम सुराज संकल्प दृढ़ विश्वास रखते हुए हमे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना ही होगा : गोपाल सिंह इंजीनियर



**आष्टा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दूसरे चरण में छुटी हुई पंचायतों मेंसंकल्प यात्रा के माध्यम से आम जन मानस के बीच पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की राज्य और केन्द्र सरकारों की विभिन्न योजनाओं के लाभ और विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकल कर सुचारू रूप से विकासशील बनाने में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कोई कोर कसोर नही छोड़ी अनेकों योजनाओं से लाभान्वित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया और अनेकों विकास कार्यों से मध्यप्रदेश को विकसित किया भाजपा शासन व्यवस्था में पूरे देश में कोई पक्ष पात नही हो रहा है सभी को सम्मान और लाभ दिलाना ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी विशेषता है लेकिन कुछ लोग कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने किया ही क्या है।

आयुष्मान से लेकर पक्के मकान निर्माण बीमा योजना पक्की सड़कों के जाल बिछाया लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाड़ली बहना योजना तक विवाह हो या निकाह कन्या दान योजना बनाई और विकास दर हासिल कर भारत ने विश्व भर में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया है। भारतीय जनता पार्टी की राज्य और केन्द्र सरकारों और हमारा उद्देश्य सभी को पक्के मकान, रोजगार गारंटी, साफ पानी, पक्की सड़कों के साथ खुशहाल जीवन जी सके इसके लिए हम सभी को सही और गलत को समझना होगा आइए हम सभी शपथ ले की जो हमारे ग्राम और हमारे देश के बारे में सोचे हम सभी उसी को अपना समर्थन दे।विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरनिया राम, अरनिया जोहरी, भटोंनी,भंवरा,बागैर में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण एवम्‌ कार्यकर्ता युवा शक्ति ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे।

### व्यसन और धूम्रपान निषेध के लिए शपथ ग्रहण कराई गई, कई लोग हुए शामिल

# महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर मनाया जा रहा मद्य निषेध सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में सामाजिक न्याय विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संस्कार मंच के जिला उपाध्यक्ष सुमित भानू उपाध्याय, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने राष्ट्रपिता गांधी को श्रद्धांजली अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

श्री उपाध्याय ने कहा कि गांधी के विचारों को आत्मसात करते हुए बढ़ती नशे की प्रवृति पर रोक लगाने व देश को नशामुक्त करने की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति से राष्ट्र को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है तथा देश की प्रगति एवं विकास पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने समाज को नशे की प्रवृति से बचाने के लिए आमजन को प्रयत्न करने चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्गों पर चलकर नशामुक्ति का संकल्प लेने एवं युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने का आह्वान किया। जिसमें व्यसन एवं धूम्रपान निषेध हेतु शपथ ग्रहण करायी गई।

संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मदिरा पान एवं प्रतिबंधित मादक पदार्थ तथा द्रव्यों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए इनसे होने वाले दुष्परिणामों से समाज को अवगत कराना व नशा छोडऩे के लिए प्रेरित करना है। मद्य निषेध संकल्प दिवस पर स्वेच्छा से मदिरा पान त्यागने के लिए संकल्प दिलाया जाएगा। इस अवसर पर सेमिनार, वर्कशाप, रैली, वाद-विवाद, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत तथा नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभाएं आयोजित की जाएंगी।

## भैरुंदा विखं के दो शिक्षकों ने फिर जिले में लहराया अपना परचम



**भैरुंदा।** जिला स्तर पर एफएलएन टीएलएम मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें सभी विकासखंडों से गणित एवं हिंदी 3-3 टीएलएम शामिल हुए। जिसमे गणित विषय से प्रथम स्थान विकासखंड भैरूंदा के शिक्षक रितेश विश्वकर्मा नदीपार हाथीघाट ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान जयराम वर्मा आष्टा, तीसरा स्थान देवनारायण वर्मा इछावर को मिला । वहीं हिंदी में भी प्रथम स्थान भैरूंदा की शिक्षिका भगवती दीवान को प्राप्त हुआ। दूसरा स्थान सुनीता चौहान, तीसरा स्थान दुर्गा मैडम को मिला । यह पहला मौका नहीं है इससे एक साल पहले भी शिक्षक रितेश विश्वकर्मा ने टीएलएम प्रतियोगिता में राज्य में हिंदी भी प्रथम स्थान कर अपने विकासखंड का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया था।


### टेक्नीशियन और डॉक्टर के अभाव में मरीजों को समय पर नहीं मिल पा रही स्वास्थ्य सुविधाएं

# सिविल अस्पताल में करोड़ों की बिल्डिंग व मशीनें खा रहीं धूल, साधारण कागज पर मिल रही एक्सरे रिपोर्ट

## राज्यमंत्री टेटवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर मीटिंग में दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्वास्थ्य सेंवाओं को बेहतर बनाकर उसका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अव्वल दर्जे का बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। करोड़ों रुपए के हॉस्पिटल भवन व लाखों रुपए की विभिन्न तरह की जांच मशीन हॉस्पिटल तक पहुंचा दी, जिसका लाभ सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिलना चाहिए था परंतु हालात इसके उलट है। अकेले सारंगपुर सिविल अस्पताल की ही बात करें तो प्रसूताओं को भी जांच न होने के कारण अपना स्वास्थ्य लाभ नहीं करवा पा रहीं उन्हें या तो निजी अस्पताल का मुंह तांकना पड़ता है या फिर निजी क्लीनिकों पर जाकर हजारों की जांच करवाना पड़ रही है। इसके लिए सारंगपुर अस्पताल प्रबंधन हमेशा स्टाफ न होने की बात ही करता रहता है। बात की सत्यता भी यही है कि जिले में अधिकतर डॉक्टर राजनैतिक दबाव का शिकार हो जाने के कारण वह अपना उत्कृष्ट काम नहीं कर पाते। जिसके कारण मरीजों को मिलने वाली सरकारी योजनाएं भी खोखली साबित हो रही हैं।







### करोड़ों का भवन स्टाफ के अभाव में वीरान, मशीनें खा रही धूल

सारंगपुर सिविल अस्पताल में करोड़ों के भवन के साथ कोरोना को दृष्टिगत रखते हुए आईसीयू रूम तथा लैब भवन बनकर तैयार है उन भवनों का शासन एवं विधायक लोकार्पण कर चुके है किंतु लोकार्पण के बाद आज तक उन भवनो के ताले नहीं खुले हैं इतना ही नहीं सिविल अस्पताल की डबल मंजिला इमारत जिसमे अलग अलग विधाओं के डॉक्टर रूम के साथ विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच के लिए मशीन उपकरण रूम बनाए गए। कुछ रूमो के उपकरण गत दो वर्षो से ताले में बंद होकर धूल खा रहे हैं तो कई रूम में डॉक्टर नहीं होने के अभाव में ताले लटके हुए हैं। ऐसे में अस्पताल का इलाज किया जाना प्राथमिकता में है अस्पताल में टेक्नीशियन डॉक्टर की पद पूर्ति नितांत आवश्यक है।

### वर्तमान में सुविधा भी बनी दुविधा

ऐसे तो 100 बिस्तर के सारंगपुर अस्पताल में कमियों की कोई कमी नहीं है परंतु परेशानी यह है कि जो सुविधाएं मरीजों को दी जा सकती है उन्हें भी गलत मैनेजमेंट के चलते मरीजों को परेशान होना पडता है। इस 100 बिस्तर के अस्पताल में अलग अलग स्वास्थ्य सुविधा के लिए भवन होते हुए भी, दवाई गोली, इंजेक्शन, पर्चा ,जांच, एक्सरा एक ही स्थान पर कर दिए गए हैं। इस कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मंत्री टेटवाल ने दिए थे अधिकारियों को निर्देश

सारंगपुर के सिविल अस्पताल में विगत दिनों मध्य प्रदेश शासन के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गोतम टेटवाल द्वारा स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया था । निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए थे की अलग अलग रूप में अलग अलग व्यवस्था की जाए, ताकि लोगो को परेशानी का सामना न करना पड़े लेकिन समाचार लिखे जाने तक मंत्री के निर्देशों का पालन भी हुआ।

### कागज पर मिलती हैं एक्स-रे रिपोर्ट

सिविल अस्पताल में बैसे तो अनेक सुविधाओं की कमी बरकरार है किंतु जो सुविधा है वह भी आधी अधूरी मिल रही हैंअस्पताल में एक्सरा मशीन तो चालू है किंतु डीजीटल फिल्म का अभाव बना हुआ है एक्सरा कागज के पन्नों पर दिया जा रहा है ऐसे में उक्त एक्सरे की जांच करना केसे संभव होगा इतना ही नही एक्सरे की रेडिशन से बचने के लिए रेडिशन सीड भी नदारत है।

**इनका कहना है...**

साधारण पेसेंट को छोड़कर पुलिस केस एमएलसी वाले को डिजिटल एक्सरे दिए जाते हैं। स्टाफ की कमी होने के कारण नए भवन में लेब शिफ्ट नहीं की जा सकती हैं।

**डी बड़ोदिया,** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सारंगपुर



## सड़क निर्माण में तोड़े गए धार्मिक चबूतरों को पुनः बनाने की मांग

### त्यौहारों पर चबूतरों पर पूजन-अर्चन करती हैं महिलाएं

**राजगढ़।** नगर पालिका द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में स्थानीय बिरसा मुंडा चौक से रानी लक्ष्मी चौक तक डामरीकृत सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान सोल्डर क्लब के समीप स्थित पीपल के पेड़ के आसपास के दो चबूतरों को तोड़ा गया है। तोड़े गए इन दोनों चबूतरों के आसपास नगर की सैकड़ों मातृ-शक्तियां होली, वट सात्रिवी व्रत, हलछठ, सोमवति अमावस्या सहित अन्य त्यौहारों पर पूजा-अर्चना करती हैं। चबूतरों के टूट जाने से उक्त त्यौहारों पर पूजन-अर्चन में महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में महिलाओं ने नगर पालिका से मांग की है कि उक्त दोनों चबूतरों का निर्माण पुनः करवा दिया जाए। नगर की श्रृद्धालु महिलाओं मालती मौर्य, अनीता वर्मा, सुषीला मौर्य, बसंतीबाई, कमलीबाई मेवाड़े आदि मांग रखी है।

**इनका कहना है**

पीपल के पेड़ के आसपास के दोनों चबूतरों का फिर से निर्माण करवाया जाएगा। अच्छी गुणवत्ता से चबूतरे बना दिए जाएंगे।

- विनोद साहू,
अध्यक्ष, नगर पालिका, राजगढ़




**सीसीटीवी में कैद हुई चोरी घटना, एक चोर पकड़ाया**

## डेसिंग रूम से पानी गर्म करने का उपकरण ही चुरा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में मंगलवार रात्रि चोरी की घटना हुई है जिसका सीसीटीवी फुटैज भी सामने आया है। तीन युवकों ने अस्पताल के डेसिंग रूम से पानी गर्म करने का उपकरण चुरा लिया और भाग निकले। घटना के बाद तीनों युवक फिर से अस्पताल आए लेकिन सिक्यूरिटी गार्ड को शक होने पर एक युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया, वहीं दो अन्य फरार हो गए।

सीसीटीवी फुटैज में तीन युवक ओपीडी में रैकी करते नजर आ रहे हैं। एक युवक शॉल को लपेटकर अस्पताल के डेसिंग रूम से उपकरण चुराते नजर आ रहा है। ओपीडी के बाहर खड़ा एक अन्य युवक बाईक लेकर तैयार खड़ा था। बाद में दोनों उस उपकरण को लेकर चले जाते हैं जबकि एक वहीं रुक जाता है। इस चोरी को कारित करने वाले तीन युवकों में से एक को सिक्यूरिटी गार्डों रामराज, राहुल वर्मा, सुरेष व कुमैर ने पकड़ लिया। युवक ने पूछताछ में अपना नाम मुकेष तंवर बताया है। पकड़े गए युवक को बाद में कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। जिला अस्पताल के सिक्यूरिटी एजेंसी सिग्मा इन्फोटेक के इंचार्ज उदय प्रताप ने बताया कि हमारे सिक्यूरिटी गार्ड अब तक आधा दर्जन से अधिक चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर चुके हैं।



## कथा के समापन पर महाप्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा तहसील के मलावर नगर से 1 किलोमीटर दूर प्राचीन पहाड़ी कपिलेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 25 जनवरी से संगीत में श्रीमद भगवत कथा का आयोजन संत राधेश्याम महाराज खेजड़ा मीना के मुखारविंद से किया जा रहा था जिसका बुधवार को भंडारा महाप्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ। जिसमें मलावर क्षेत्र के 40 से अधिक गांव के लोगों भक्तगण महिलाएं बच्चे पुरुष युवाओं ने भगवान कपिलेश्वर महादेव के दर्शन किए व महाप्रसादी ग्रहण की। मंदिर के नीचे पहाड़ी पर झुला विभिन्न चीजों के मेले मेला लगा, जिसमें बच्चों ने मेले का लुप्त उठाया। समापन अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव, भाजपा नेता रामनारायण दंगी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलवार यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चैनसिंह गुर्जर मलावर सरपंच रोडसिंह ठाकुर, चंदरसिंह गुर्जर पूर्व सरपंच, मोहन जाट, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर आदि क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। हजारों लोगों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। मान्यता है कि श्री कपिलेश्वर महादेव के जो दर्शन करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। यहां कपिलेश्वर महादेव को नारियल क्या प्रसाद चढ़ाया जाता है जो वक्त नारियल का प्रसाद चढ़ाता है कपिलेश्वर भगवन उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## ग्राम पंचायत भोजपुर में निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



ग्राम पंचायत भोजपुर में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला। आसपास क्षेत्र के मंडल ढाबली कलाँ, दोलाज पिपलखेड़ी क्षेत्र के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। पथ संचलन ग्राम पंचायत सेमली कला में निकाली गई दोपहर बाद ग्राम पंचायत भोजपुर में निकाली गई। पथ संचलन की शुरुआत हनुमान पहाड़ी से शुरू हुई जो अनेक मार्गों से होते हुए डूंगरी मंदिर पर संपन्न हुई। जगह-जगह स्वयंसेवक संघ का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पथ संचलन कार्यवाहक गोपाल जोशी ने बताया है कि 99 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा भारतवासियों को नमन करते हैं यहां धरती बलिदानों की है यहां रामकृष्ण महाराणा प्रताप शिवाजी जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया और समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होते देखना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात होगी। इस अवसर पर भोजपुर मंडल के लोगों का बड़ा योगदान रहा।

**अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश**

## ग्रामीण क्षेत्रों का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

शुजालपुर कलेक्टर ऋजु बाफना ने शुजालपुर विधानसभा के ग्राम नीछमा, गुलाना, अकोदिया तथा बावनखेड़ा का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। ग्राम नीछमा में कलेक्टर बाफना ने जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायत पेयजल जल वितरण के एवज में ग्रामीणों से राशि संकलित करें व प्राप्त राशि का हिसाब रखें। इसी तरह गौलाना में 9.32 लाख रुपए लागत से निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि हर स्टेज के फोटोग्राफ रखें, सही तरीके से पडल और पिचिंग निर्माण करें। कलेक्टर ने कहा कि जिस नाले से पानी सरोवर में आयेगा, वहां मिट्टी रोकने के लिए पत्थरों की कंटूर बनाएं।



इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ यांत्रिकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे, जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया सीईओ अमृतलाल सिसोदिया, प्रभारी सीएमएचओ डॉ. अजय साल्विया, बीएमओ डॉ. राजेश रूहेला, तहसीलदार जीवनलाल मोगी व नायब तहसीलदार वंदना हरित, अकोदिया में नायब तहसीलदार नागेश पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### गौशाला का किया निरीक्षण

गुलाना में कलेक्टर ने गौशाला का निरीक्षण कर संचालन समिति को आमदनी के लिए गोबर से उत्पाद बनाकर बेचने को कहा। साथ ही बनाए गए खाद को भी वाजिब दरों पर बेचने के लिए भी कलेक्टर ने कहा। इसके बाद कलेक्टर ने गुलाना में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के वैक्सीनेशन कक्ष, प्रसुति कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण किया।




आष्टा नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी
रायसिंह मेवाड़ जी को
जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं